# उत्तर प्रदेश LT ग्रेड परीक्षा, 2018

# इतिहास

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 29 जुलाई, 2018)

**1. बिहार में 1857 के विद्रोह के नायक थे–**

(a) तात्या टोपे (b) नाना साहेब
(c) मंगल पाण्डे (d) कुँवर सिंह

**Ans : (d)** 1857 ई. में बिहार के जगदीशपुर में विद्रोह की अगुवाई करने वाले कुँवर सिंह बिहार के आरा जिले से संबंधित थे। 80 वर्ष की अवस्था में उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया था। उनके अदम्य, शौर्य, वीरता और सेनानायक के आदर्श गुणों के कारण उन्हें 'बिहार का सिंह' माना जाता है। शाहाबाद जिले में अंग्रेजों की सत्ता समाप्त कर कुंवर सिंह ने अपनी सरकार स्थापित की। विभिन्न स्थानों यथा, मिर्जापुर, रीवा, बाँदा, लखनऊ आदि में उन्होंने विद्रोहियों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। उनकी अंतिम सफलता थी गृहनगर जगदीशपुर के निकट अंग्रेजों को बुरी तरह पराजित करना। इसी स्थान पर वे बुरी तरह घायल भी हो गये फलस्वरूप 27 अप्रैल 1858 की उनकी मृत्यु हो गई।

**2. निम्न घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उन्हें काल-क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**1. श्रीरंगपट्टनम की सन्धि**
**2. सूरत की सन्धि**
**3. सालबाई की सन्धि**
**4. वसई (बसीन) की सन्धि**

**कूट–**

(a) 4, 1, 2, 3
(b) 2, 3, 1, 4
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 4, 3, 2, 1

**Ans : (b)** सूरत की सन्धि – 1775 ई.
सालबाई की सन्धि – 1782 ई.
श्रीरंगपट्टनम की सन्धि – 1792 ई.
वसई (बसीन) की सन्धि – 1802 ई.

**3. इनमें से किसने भारत में बैपटिस्ट मिशनरियों की गतिविधियों को 'विनाशक' माना?**

(a) बेंटिक (b) मैकॉले
(c) वेलेज़ली (d) हेस्टिंग्स

**Ans : (c)** वेलेजली 1798-1805 ई. तक भारत का गवर्नर जनरल था। इसने भारत में बैपटिस्ट मिशनरियों की गतिविधियों को विनाशक माना था। इसने सहायक सन्धि प्रणाली द्वारा अनेक भारतीय राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाया था।

**4. कौन-सा मैसूर युद्ध 'मंगलौर की सन्धि' के साथ समाप्त हुआ?**

(a) प्रथम (b) तृतीय
(c) चतुर्थ (d) द्वितीय

**Ans : (d)** द्वितीय आंग्ल मैसूर युद्ध 1780 से 84 ई. तक चला जो 1784 में मंगलौर की संधि से समाप्त हुआ। यह संधि टीपू सुल्तान की उत्कृष्ट कूटनीतिक सफलता थी हालांकि इस संधि से गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स असहमत था।

**5. डलहौजी के पहले 'विलय का सिद्धान्त' किस राज्य पर लागू किया जा चुका था?**

(a) मांडवी (b) कोलाबा और जालौर
(c) सूरत (d) उपर्युक्त सभी

**Ans : (d)** विलय का सिद्धान्त सर्वप्रथम ईस्ट इण्डिया कंपनी के कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा 1834 में प्रयोग किया गया। यद्यपि इसका सर्वाधिक प्रयोग लॉर्ड डलहौजी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कम्पनी द्वारा 1839 ई. में माण्डवी राज्य को इस सिद्धान्त के द्वारा हस्तगत् किया गया। तत्पश्चात् 1840 ई. में कोलाबा तथा जालौर व 1842 ई. में सूरत को कम्पनी द्वारा हस्तगत् किया गया।

**6. लंदन में 'ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन' की स्थापना की थी–**

(a) बाल गंगाधर तिलक ने (b) सुभाष चन्द्र बोस ने
(c) दादाभाई नौरोजी ने (d) राजा राममोहन राय ने

**Ans : (c)** सन् 1866 ई. में लंदन में दादाभाई नौरोजी द्वारा ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन की स्थापना की गई थी। दादाभाई नौरोजी को 'ग्रांड ओल्ड मैन ऑफ इण्डिया' कहा जाता था। इन्होंने रहनुमाई मजद्यासन सभा की भी स्थापना की थी। इन्होंने 'रास्त गोफ्तार' (सत्यवादी पत्रिका) का प्रकाशन किया। 'पॉवर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया' नामक पुस्तक लिखी।

**7. भारत की जनगणना 1891 में जनगणना आयुक्त थे–**

(a) प्लोडन (b) बेन्स
(c) रिज़ले (d) गेट

**Ans : (b)** भारत की जनगणना 1891 ई. में जरवाइस एथलेस्टेन बेन्स जनगणना आयुक्त थे। भारत में इनके कार्यों के लिए इन्हें नाइट की उपाधि दी गई थी।

**8. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. 1854 ई. | 1. शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड का डिस्पैच |
| B. 1882 ई. | 2. सैड्लर विश्वविद्यालय आयोग |
| C. 1904 ई. | 3. हंटर शिक्षा आयोग |
| D. 1917 ई. | 4. भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम |

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

GET IT ON Google Play

(a) A B C D
1 3 4 2
(b) A B C D
1 4 3 2
(c) A B C D
4 2 1 3
(d) A B C D
4 1 2 3

**Ans : (a)** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| 1854 ई. – | शिक्षा पर सर चॉर्ल्स वुड का डिस्पैच |
| 1882 ई. – | हंटर आयोग (शिक्षा से संबंधित) |
| 1904 ई. – | भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम |
| 1917 ई. – | सैडलर विश्वविद्यालय आयोग |

**9. दक्षिणेश्वर सम्बन्धित है–**
(a) महर्षि दयानंद से
(b) रवीन्द्र नाथ टैगोर से
(c) रामकृष्ण परमहंस से
(d) अरबिन्दो से

**Ans : (c)** स्वामी रामकृष्ण परमहंस कलकत्ता में स्थित 'दक्षिणेश्वर काली मंदिर' के पुजारी थे। उनका बचपन का नाम 'गदाधर चट्टोपाध्याय' था। स्वामी विवेकानन्द इनके शिष्य थे। स्वामी रामकृष्ण सभी धर्मों की एकता पर जोर देते थे।

**10. इनमें से कौन 'देवबन्द स्कूल' से नहीं जुड़े थे?**
(a) शाह अब्दुल अजीज (b) मो. कासिम ननौत्वी
(c) रशीद अहमद गंगोही (d) महमूद-उल-हसन

**Ans : (a)** देवबन्द स्कूल की स्थापना मुहम्मद कासिम ननौत्वी एवं रशीद अहमद गंगोही द्वारा की गयी थी। इस स्कूल की शुरुआत 1866-1867 ई. में देवबन्द (सहारनपुर) में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य मुस्लिम सम्प्रदाय के लिए धार्मिक नेता तैयार करना, विद्यालय के पाठ्यक्रमों में अंग्रेजी शिक्षा एवं पश्चिमी संस्कृति को प्रतिबन्धित करना, मुस्लिम सम्प्रदाय का नैतिक एवं धार्मिक पुनरुद्धार करना तथा अंग्रेज सरकार के साथ असहयोग करना था। इस संस्था के नेता महमूद-उल-हसन ने संस्था के धार्मिक विचारों को राजनीतिक, बौद्धिक रंग देने का प्रयास किया। शिबली नूमानी जैसे फारसी एवं अरबी के प्रख्यात विद्वान और लेखक भी देवबन्द स्कूल के समर्थक थे। शाह अब्दुल अजीज देवबन्द स्कूल से नहीं जुड़े थे।

**11. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के उदारवादी युग में 'भारतीय ग्लैडस्टोन' की उपाधि दी गई–**
(a) गोपाल कृष्ण गोखले को
(b) दादाभाई नौरोजी को
(c) मोती लाल नेहरू को
(d) फिरोज शाह मेहता को

**Ans : (b)** दादाभाई नौरोजी ने पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया में ब्रिटिश शासन की आर्थिक कुरीतियों का वर्णन किया, उन्हें भारत का ग्लैडस्टोन कहा जाता है। गोखले ने उनके बारे में कहा कि यदि मनुष्यों में कहीं देवत्व है तो वह दादाभाई नौरोजी में है।

**12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए व इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं हैं।**

| | **सूची-I (लेखक)** | **सूची-II (कृति)** |
|---|---|---|
| (a) | बी.जी. तिलक | गीता रहस्य |
| (b) | अरबिन्दो घोष | दि आइडियल ऑफ ह्यूमन यूनिटी |
| (c) | जे. एल. नेहरू | दि यूनिटी ऑफ इण्डिया |
| (d) | एस.सी. बोस | दि स्प्रिंगिंग टाइगर |

**Ans : (d)**

| **सूची-I (लेखक)** | | **सूची-II (कृति)** |
|---|---|---|
| बी.जी तिलक | – | गीता रहस्य |
| अरबिन्दो घोष | – | दि आइडियल ऑफ ह्यूमन यूनिटी |
| जे.एल. नेहरू | – | दि यूनिटी ऑफ इण्डिया |
| ह्यू टोए | – | दि स्प्रिंगिंग टाइगर |

**13. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| | **(संगठन)** | **(संस्थापक)** |
|---|---|---|
| (a) | ऑल इन्डिया किसान सभा | महात्मा गाँधी |
| (b) | आत्मीय सभा | राजा राममोहन राय |
| (c) | फॉरवर्ड ब्लॉक | सुभाष चन्द्र बोस |
| (d) | रामकृष्ण मिशन | विवेकानन्द |

**Ans : (a)**

| **संगठन** | **संस्थापक** |
|---|---|
| ऑल इण्डिया किसान सभा | – स्वामी सहजानंद सरस्वती |
| आत्मीय सभा | – राजा राम मोहन राय |
| फॉरवर्ड ब्लॉक | – सुभाष चन्द्र बोस |
| रामकृष्ण मिशन | – विवेकानन्द |

**14. महात्मा गाँधी के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?**
**i. 1920 ई. में उन्होंने असहयोग आन्दोलन आरम्भ किया।**
**ii. उन्होंने ग्राम उद्योग संघ प्रारम्भ किया था।**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**कूट :**
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) न तो I और न ही II

**Ans : (c)** गाँधी जी द्वारा 1 अगस्त, 1920 को असहयोग आंदोलन की शुरुआत की गई। उनका विचार था कि यदि असहयोग का ठीक ढंग से पालन किया जाए तो भारत एक वर्ष के भीतर स्वराज प्राप्त कर लेगा। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे स्कूलों, कॉलेजों और न्यायालय में न जाएं तथा कर न चुकाएं। 5 फरवरी, 1922 ई. में चौरी-चौरा की घटना से दुखी होकर 12 फरवरी, 1922 को गांधी जी ने आंदोलन वापस ले लिया। गांधी जी ने 14 सितंबर, 1934 को वर्धा में अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ की स्थापना की। इस आंदोलन का नेतृत्व करने हेतु कांग्रेस ने स्थायित्व की अर्थव्यवस्था के सिद्धान्त के लिए प्रख्यात डॉ. जोसेफ कार्नेलियस कुमारप्पा का चयन किया। इस संगठन के प्रथम अध्यक्ष श्री कृष्णदास जाजू थे।

**15. सुभाष चन्द्र बोस ने स्वाधीन भारत की अस्थायी सरकार के गठन की घोषणा की थी।**

(a) 19 अक्टूबर, 1943 को
(b) 20 अक्टूबर, 1943 को
(c) 21 अक्टूबर, 1943 को
(d) 24 अक्टूबर, 1943 को

**Ans : (c)** नेता जी सुभाषचन्द्र बोस ने 5 जुलाई, 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर के रूप में सेना को संबोधित किया तथा दिल्ली चलो का नारा दिया। 21 अक्टूबर, 1943 ई. को उन्होंने भारत की अस्थाई सरकार बनाई जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपीन्स, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैण्ड ने मान्यता दी थी। उन्होंने 1944 ई. में रंगून से रेडियो पर गाँधी जी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता कहकर सम्बोधित किया था।

**16. 1947 में भारत-विभाजन के बाद किसे संयुक्त रक्षा समिति, जिसे सैनिक कर्मचारियों, हथियारों व युद्ध सामग्रियों के विभाजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, का सर्वोच्च सेनापति बनाया गया?**

(a) रेडक्लिफ (b) माउन्टबेटन
(c) इस्मे (d) ऑचिनलेक

**Ans : (d)** 3 जून, 1947 को ब्रिटिश सरकार ने भारतीय उप-महाद्वीप में भारत व पाकिस्तान नाम से दो राज्यों को 15 अगस्त, 1947 को सत्ता हस्तांतरण के योजना की घोषणा की। 30 जून, 1947 ई. को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन की अध्यक्षता में मुस्लिम लीग तथा कांग्रेस के नेताओं ने मिलकर विभाजन परिषद द्वारा सशस्त्र बलों के बंटवारे पर सहमति व्यक्त की। फील्ड मार्शल ऑचिनलेक को माउंटबेटन द्वारा संयुक्त रक्षा सुप्रीम कमांडर नियुक्त किया गया था। जिसे सैनिकों, हथियारों तथा युद्ध सामग्रियों के विभाजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**17. इनमें से किन्हें भारत के प्राक् - इतिहास के अध्ययन को आरम्भ करने का श्रेय दिया जाता है?**

(a) कॉमियाड़े (b) रॉबर्ट ब्रूसफुट
(c) एच.डी. संकालिया (d) डी टेरा

**Ans : (b)** रॉबर्ट ब्रूसफुट ब्रिटिश भू-गर्भ वैज्ञानिक और पुरातत्ववेत्ता थे। जियोलॉजिकल सर्वे से संबद्ध ब्रूसफुट ने सर्वप्रथम 1863 ई. में भारत में पाषाणकालीन बस्तियों के अन्वेषण की शुरुआत की।

**18. हड्डी की मातृदेवी मूर्ति प्राप्त हुई है?**

(a) विन्ध्य घाटी के निम्न पूर्वपाषाण काल से
(b) सोन घाटी के मध्य पूर्वपाषाण काल से
(c) बागोर के मध्य पाषाण काल से
(d) विन्ध्य घाटी के उच्च पूर्वपाषाण काल से

**Ans : (d)** विंध्य घाटी में स्थित बेलन के लोहंदा नाला क्षेत्र में उच्च पूर्व पाषाणकालीन उपकरणों के अतिरिक्त अस्थि निर्मित मातृदेवी की एक प्रतिमा मिली है जो संप्रति कौशाम्बी संग्रहालय में सुरक्षित है। बेलन घाटी की उच्च वर्ग पूर्व पाषाणकालीन संस्कृति का समय ईसा पूर्व 30 हजार से 10 हजार के बीच निर्धारित किया गया है।

**19. धौलावीरा के निम्नतम् प्रथम चरण का जमाव किस संस्कृति से सम्बन्धित है?**

(a) नवपाषाणिक संस्कृति
(b) प्राक्-हड़प्पा ग्रामीण संस्कृति
(c) विकसित हड़प्पा संस्कृति
(d) उत्तरावर्ती हड़प्पा संस्कृति

**Ans : (b)** धौलावीरा गुजरात के कच्छ जिले के भचाऊ तालुका में स्थित है। इसकी खोज सर्वप्रथम 1967-68 ई. में जे.पी. जोशी ने की तथा 1990-91 ई. में आर.एस. बिष्ट ने यहां व्यापक पैमाने पर उत्खनन कार्य करवाया। धौलावीरा के निम्नतम् प्रथम चरण की समयावधि 2650 से 2500 ई.पू. मानी जाती है। इस चरण में यहाँ से प्राक्-हड़प्पा संस्कृति के साक्ष्य प्राप्त होते हैं।

**20. किस पुरास्थल के दुर्ग में 'सात अग्नि कुण्ड' प्राप्त हुए है?**

(a) हड़प्पा (b) मोहनजोदड़ों
(c) लोथल (d) कालीबंगा

**Ans : (d)** कालीबंगा से सात अग्निकुण्ड का साक्ष्य प्राप्त हुआ है। कालीबंगा वर्तमान में हनुमानगढ़ (राजस्थान) में है। यह घग्घर नदी के बायें किनारे पर स्थित है। 1961 ई. में बी.बी. लाल तथा बी.के. थापर के निर्देशन में यहाँ पर खुदाई हुई।

**21. निम्न हड़प्पीय स्थलों में से किनमें चावल की खेती के प्रमाण मिले हैं? नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

**I. कालीबंगा**
**II. लोथल**
**III. मोहनजोदड़ो**
**IV. सुरकोटड़ा**
**कूट–**

(a) I और II (b) I और III
(c) II और III (d) III और IV

**Ans : (a)** हड़प्पा, कालीबंगा, लोथल तथा रंगपुर से चावल का साक्ष्य प्राप्त होता है, जो कि निम्न कोटि का है। 'हुलास' पुरास्थल से धान की खेती का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

**22. बूचड़खाना क्षेत्र का साक्ष्य प्राप्त हुआ है-**

(a) महदहा से (b) चोपनी माण्डो से
(c) दमदमा से (d) सराय नाहर राय से

**Ans : (a)** महदहा (पट्टी, प्रतागढ़) मध्यपाषाणकालीन स्थल है, यहाँ से पशुवध स्थल (बूचड़खाना) का साक्ष्य मिला है। महदहा स्थल की खुदाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास के भूतपूर्व अध्यक्ष जी.आर. शर्मा तथा उनके सहयोगियों के द्वारा 1978 ई. के बीच की गयी। महदहा से लघु उपकरण के अतिरिक्त आवास एवं शवाधान तथा गर्त चूल्हे और स्त्री-पुरुष को साथ-साथ दफनाये जाने का साक्ष्य मिलता है।

**23. हड़प्पा संस्कृति की पूर्वी सीमा थी–**

(a) रोपड़ (b) संघोल
(c) आलमगीरपुर (d) राखीगढ़ी

**Ans : (c)** संपूर्ण सैन्धव सभ्यता का क्षेत्रफल 12 लाख, 99 हजार, 600 सौ वर्ग किलोमीटर था। इसका विस्तार उत्तर में माण्डा, कश्मीर से दक्षिण में दायमाबाद महाराष्ट्र तक तथा पश्चिम में सुत्कागेंडोर से पूर्व में आलमगीरपुर (उ.प्र.) तक था।

24. ऋग्वेद के किस मण्डल में 'गायत्री मन्त्र' लिखा गया है?
(a) चतुर्थ (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) प्रथम

**Ans : (c)** गायत्री मंत्र का उल्लेख ऋग्वेद के तृतीय मण्डल में मिलता है। इसके रचनाकार विश्वामित्र हैं। यह मंत्र सविता (सूर्य देवता) को समर्पित है।

25. नारायण के साथ विष्णु के तादात्म्य का प्राचीनतम् उल्लेख प्राप्त होता है?
(a) तैत्तिरीय आरण्यक से (b) महाभारत से
(c) पतंजलि के महाभाष्य से (d) बौधायन धर्मसूत्र से

**Ans : (b)** नारायण के साथ विष्णु के तादात्म्य का उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत के शान्तिपर्व में मिलता है जहाँ उन्हें सर्वव्यापी एवं सभी को उत्पन्न करने वाला बताया गया है। यद्यपि 'नारायण' का प्रथम उल्लेख ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलता है। विष्णु का तादात्म्य नारायण से स्थापित हो जाने पर पंचरात्र धर्म (भागवत धर्म) अस्तित्व में आया। नारायण के उपासक पंचरात्र कहे गये।

26. इनमें से कौन वैदिक सूर्य देवता नहीं थे?
(a) सावित्री (b) विष्णु उरुक्रम
(c) विश्वकर्मा (d) सविता

**Ans : (b)** विष्णु उरुक्रम, विष्णु का नाम है न कि सूर्य का। अन्य सभी विकल्प सूर्य से सम्बन्धित है।

27. कनिष्क बौद्धधर्म के किस सम्प्रदाय का अनुयायी था?
(a) हीनयान (b) महायान
(c) वज्रयान (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (b)** कनिष्क एक प्रसिद्ध कुषाणवंशी शासक था। उसने बौद्ध धर्म की महायान शाखा को राज्याश्रय प्रदान किया तथा उसका मध्य एशिया एवं चीन में प्रचार करवाया। उसके शासनकाल में कश्मीर के कुण्डलवन में बौद्ध धर्म की चतुर्थ संगीति का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता वसुमित्र ने की थी तथा अश्वघोष उसके उपाध्यक्ष थे।

28. प्रथम जैन समिति किसने आहूत की थी?
(a) भद्रबाहु (b) गर्दभिल्ल
(c) स्थूलभद्र (d) देवर्धिगणि

**Ans : (c)** प्रथम जैन संगीति का आयोजन 300 ई.पू. में हुआ। यह सभा चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में हुई थी। यह सभा स्थूलभद्र की अध्यक्षता में पाटलिपुत्र में आयोजित की गई थी। इसमें जैन धर्म के 12 अंगों का संपादन हुआ था। जैन धर्म दो भागों दिगंबर तथा श्वेताम्बर में बंट गया था।

29. भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था?
(a) बोध-गया (b) श्रावस्ती
(c) कुशीनगर (d) ऋषिपत्तन

**Ans : (d)** महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश ऋषिपत्तन (सारनाथ) में दिया जहां पाँच ब्राह्मण उनके प्रथम शिष्य बने। बौद्ध धर्म का सर्वाधिक प्रचार कोशल राज्य में हुआ। कोशल राज्य की राजधानी श्रावस्ती में बुद्ध ने सर्वाधिक 21 वर्षावास किये थे।

30. 'भगवती सूत्र' किस धर्म से सम्बन्धित है?
(a) बौद्धधर्म (b) जैनधर्म
(c) ब्राह्मण धर्म (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (b)** 'भगवती सूत्र' जैन धर्म से सम्बन्धित साहित्य है। इसमें जैन तीर्थंकरों मुख्यतः महावीर स्वामी का जीवन चरित्र तथा अन्य समकालिकों के साथ उनके सम्बन्धों का वर्णन है। 'भगवती सूत्र' पाँचवा जैन आगम है। कुल 12 जैन आगम हैं, जो महावीर स्वामी द्वारा प्रख्यापित माने जाते हैं। इसकी रचना सुधर्मस्वामी द्वारा प्राकृत में की गई थी। यह सभी आगमों में सबसे बड़ा ग्रन्थ है।

31. मेगस्थनीज के लेखन में उल्लिखित 'ऐग्रोनोमोई' कौन थे?
(a) प्रान्तीय अधिकारी (b) पुलिस अधिकारी
(c) जिले के अधिकारी (d) नगर के अधिकारी

**Ans : (c)** मौर्यकाल में जिले को विषय या आहार कहा जाता था तथा जिले के प्रमुख को आहारपति कहा जाता था। आहारपति को मेगस्थनीज ने 'एग्रोनोमोई' कहा है। वह मार्ग निर्माण का भी एक प्रमुख अधिकारी था। नगर का प्रमुख नागरक कहलाता था, जिसे मेगस्थनीज ने 'एस्टिनोमोई' कहा है।

32. सीरिया का राजदूत, डायमेकस किस मौर्य शासक के दरबार में आया था?
(a) चन्द्रगुप्त (b) बिन्दुसार
(c) अशोक (d) दशरथ

**Ans : (b)** सीरिया के शासक एन्टियोकस ने मौर्य सम्राट बिन्दुसार के दरबार में डायमेकस नामक राजदूत भेजा था। बिन्दुसार को 'अमित्रघात' भी कहा जाता था। यूनानी इतिहासकार उसे 'अमित्रोचेट्स' के नाम से पुकारते थे।

33. गुप्त सम्वत् 61 का मथुरा स्तम्भ-लेख सम्बन्धित है?
(a) समुद्रगुप्त से (b) चन्द्रगुप्त द्वितीय से
(c) कुमारगुप्त से (d) स्कन्दगुप्त से

**Ans : (b)** गुप्त संवत् 61 (380 ई.) का मथुरा स्तंभ लेख गुप्त वंशीय सम्राट चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य/चन्द्रगुप्त द्वितीय से सम्बन्धित है। यह मथुरा में रंगेश्वर महादेव के समीप एक बगीचे से प्राप्त हुआ है। इस शिलालेख में उदिताचार्य द्वारा उपमितेश्वर और कपिलेश्वर नामक शिव प्रतिमाओं की प्रतिष्ठापना का वर्णन है। इस लेख से तत्कालीन मथुरा में शैव धर्म के होने की पुष्टि होती है।

34. राजराज प्रथम की माता का क्या नाम था?
(a) इलंगोनपिच्चि (b) पंचवन मादेवियार
(c) बानवन महादेवियार (d) वानवन महादेवी

**Ans : (d)** राजराज प्रथम (985 ई. – 1015 ई.) को चोल साम्राज्य का पहला शक्तिशाली शासक माना जाता है। इनके पिता का नाम सुंदर चोल तथा माता का नाम वानवन महादेवी था। इन्होंने तंजौर का प्रसिद्ध राजराजेश्वर मंदिर या वृहदेश्वर मंदिर का निर्माण करवाया था।

35. इनमें से किस चोल शासक की उपाधि 'गंगैकोण्ड' थी?
(a) राजराज (b) राजेन्द्र प्रथम
(c) परान्तक (d) आदित्य प्रथम

**Ans : (b)** चोल वंश का सबसे महान शासक राजेन्द्र प्रथम था। अपनी महान विजयों द्वारा उसने चोल साम्राज्य का विस्तार कर उसे दक्षिण भारत का सबसे शक्तिशाली साम्राज्य बना दिया। उसने 'गंगैकोण्ड' की उपाधि धारण की तथा गंगैकोण्ड चोलपुरम् नामक नगर की स्थापना की। यहीं पर उसने चोलगंगम् नामक एक विशाल सरोवर का भी निर्माण करवाया।

36. **द्वितीय राजतरंगिणी के रचनाकार थे–**
(a) जोनराज (b) कल्हण
(c) श्रीवर (d) जयदेव

**Ans : (a)** जोनराज 15वीं सदी के एक कश्मीरी इतिहासकार और संस्कृत कवि थे। उन्होंने द्वितीय राजतरंगिणी नामक इतिहास ग्रन्थ लिखा जिसमें उन्होंने कल्हण की राजतरंगिणी का सन् 1149 ई. तक का वृत्तान्त जारी रखते हुए अपने समकालीन सुल्तान जैन-उल-अबिदीन तक का वर्णन लिखा है। लेकिन जोनराज उनके शासनकाल का पूरा वृत्तान्त नहीं लिख सके। क्योंकि उनके शासनकाल के 35वें वर्ष में जोनराज का देहांत हो गया। उनके शिष्य श्रीवर ने आगे का वृत्तांत लिखा और उनकी कृति का नाम 'तृतीय राजतरंगिणी' था जो 1459 – 1486 ई. तक के बारे में है।

37. **निम्नलिखित शासकों के शासनकाल को कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**1. मुहम्मद बिन कासिम** **2. महमूद गजनवी**
**3. तैमूर** **4. चंगेज़ खान**
**कूट :**
(a) 1, 4, 2, 3 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 2, 3, 4, 1 (d) 4, 1, 2, 3

**Ans : (b)** शासकों के शासनकाल का सही क्रम निम्नानुसार होगा–
1. मुहम्मद बिन कासिम (712 ई.)
2. महमूद गजनवी (997-1030 ई.)
3. चंगेज़ खान (1162 – 1227 ई.)
4. तैमूर (1370 – 1405 ई.)

38. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**I. पृथ्वीराज चौहान, ख्वाज़ा मुइनुद्दीन चिश्ती के समकालीन थे।**
**II. गियासुद्दीन तुगलक, निजामुद्दीन औलिया के समकालीन थे।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (c)** पृथ्वीराज चौहान (1166 – 1192 ई.) चौहान वंश के एक प्रतापी शासक थे जो, ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती (1141 – 1236 ई.) के समकालीन थे। ये चिश्ती सिलसिले के संस्थापक थे। गियासुद्दीन तुगलक (शासनकाल 1320 – 25 ई.) तुगलक वंश का संस्थापक था। निजामुद्दीन औलिया (1238-1325 ई.) इसके समकालीन थे। इनको महबूब-ए-इलाही भी कहा जाता था।

39. **'कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण किसने कराया?**
(a) आराह शाह (b) इल्तुतमिश
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) नसिरुद्दीन

**Ans : (c)** दिल्ली में कुतुबमीनार के पास स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण गुलाम वंश के प्रथम शासक कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1192ई. में करवाया था। इल्तुतमिश ने 1230 ई. में इसमें कुछ और हिस्से पूरा करवाया।

40. **इल्तुतमिश के विषय में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**I. इल्तुतमिश ने अपने प्रभुत्व की मान्यता खलीफा द्वारा प्राप्त की।**
**II. इल्तुतमिश ने बंगाल के सुल्तान गियासुद्दीन को हराकर लखनौती पर अधिकार किया।**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) न तो I और न ही II

**Ans : (c)** दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक इल्तुतमिश को माना जाता है। उसने सुल्तान पद की स्वीकृति गोर के किसी शासक से नहीं बल्कि खलीफा से प्राप्त की थी। फरवरी 1229 ई. में बगदाद के खलीफा का प्रतिनिधि स्वीकृति-पत्र को लेकर दिल्ली पहुँचा था।
1211 ई. में हेसामुद्दीन एवाज खिलजी सुल्तान गियासुद्दीन की उपाधि धारण कर बंगाल की गद्दी पर बैठा। 1226 ई. में इल्तुतमिश के पुत्र नासिरुद्दीन महमूद ने युद्ध में गियासुद्दीन को पराजित करके उसकी राजधानी लखनौती पर अधिकार कर लिया। इस प्रकार कथन 1 व 2 दोनों सही हैं।

41. **अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरि का यादव शासक कौन था?**
(a) प्रतापरुद्रदेव (b) हरिवर्मन
(c) काकुस्थवर्मन (d) रामचन्द्र

**Ans : (d)** 1296 ई. में अलाउद्दीन ने देवगिरि पर आक्रमण किया जहां के शासक रामचन्द्रदेव ने बाध्य होकर उसे प्रतिवर्ष एलिचपुर की आय को भेजने का वादा किया था। 1307 ई. में मलिक काफूर ने पुनः देवगिरि पर आक्रमण किया। रामचन्द्रदेव के आत्मसमर्पण करने पर उसे दिल्ली भेजा गया जहां अलाउद्दीन ने उसे 'रायरायन' की उपाधि दी तथा 6 माह के पश्चात् एक लाख सोने के टंके और नवसारी का जिला देकर उसके राज्य वापस भेज दिया।

42. **निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| | **घटना** | **वर्ष** |
|---|---|---|
| (a) | सुल्तान जलालुद्दीन खिल्जी की हत्या | 1296 ई. |
| (b) | खिज्र खाँ ने दिल्ली का सिंहासन ग्रहण किया | 1414 ई. |
| (c) | सिकन्दर लोदी ने एक नए नगर आगरा की स्थापना की | 1504 ई. |
| (d) | कन्नौज का युद्ध | 1530 ई. |

**Ans : (d)** कन्नौज अथवा बिलग्राम का युद्ध 1540 ई. में शेरशाह सूरी तथा मुगल शासक हमायूं के मध्य लड़ा गया था। इस युद्ध में हुमायूं को परास्त करने के पश्चात् शेरशाह ने आगरा, दिल्ली, सम्भल, ग्वालियर, लाहौर आदि पर अपना अधिकार कर के हुमायूं को भारत से बाहर खदेड़ दिया तथा पुनः उत्तर भारत में अफगान साम्राज्य को स्थापित किया।

43. **निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।**

Adda247
GET IT ON Google Play

1. तैमूर का आक्रमण
2. सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन
3. बाजार नियन्त्रण नीति
4. मलिक छज्जू का विद्रोह

कूट–

(a) 4, 1, 3, 2 (b) 3, 4, 2, 1
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 1, 2, 3, 4

**Ans : (c)**

| | | |
|---|---|---|
| मलिक छज्जू का विद्रोह | – | 1290 ई. |
| बाजार नियंत्रण नीति | – | 1296–1316 ई. |
| सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन | - | 1329–30 ई. |
| तैमूर का आक्रमण | - | 1398 ई. |

**44. शेख सलीम चिश्ती का दरगाह स्थित है–**

(a) लाहौर में (b) अजमेर में
(c) आगरा में (d) फतेहपुर सीकरी में

**Ans : (d)** शेख सलीम चिश्ती की दरगाह आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी में जामा मस्जिद के भीतर स्थित है। 1573 ई. में अकबर ने गुजरात विजय के साथ इस क्षेत्र को विजित कर के इसका नाम फतेहपुर सीकरी रखा। अकबर ने इस दरगाह का निर्माण 1580 – 81 ई. में करवाया था।

**45. निम्नलिखित को उनकी निर्माण-तिथि के क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।**

1. आगरा का किला
2. दिल्ली का लाल किला
3. कुतुब मीनार
4. ताजमहल

कूट :

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 4, 2, 1

**Ans : (b)**

| | | |
|---|---|---|
| कुतुबमीनार | – | 1193 ई. |
| आगरा का किला | – | 1565 ई. |
| दिल्ली का लाल किला | – | 1638 – 48 ई. |
| ताजमहल | – | 1632 – 53 ई. |

**46. 'किरोरी' शब्द किसकी प्रशासनिक व्यवस्था में राजस्व अधिकारी के लिए प्रयुक्त किया जाता था?**

(a) अलाउद्दीन खिल्जी (b) मुहम्मद बिन तुगलक
(c) शेरशाह (d) अकबर

**Ans : (d)** 'किरोरी' शब्द अकबर की प्रशासनिक व्यवस्था में राजस्व अधिकारी के लिए प्रयुक्त किया जाता था। 1562 ई. में एतमाद खाँ ने किरोरी व्यवस्था लागू की जिसके अनुसार समस्त खालसा भूमि को 182 राजस्व भागों में बांटा गया और प्रत्येक की मालगुजारी एक करोड़ दाम (ढ़ाई लाख रुपया) प्रति वर्ष निर्धारित किया गया। खालसा भूमि की इन इकाईयों से भू-राजस्व वसूल करने के लिए प्रत्येक इकाई में पृथक-पृथक आमिल नियुक्त किये गये जो किरोरी के नाम से प्रसिद्ध थे। किन्तु यह व्यवस्था असफल रही जिसके चलते एतुमाद खाँ को हटा दिया गया और 1564 ई. में मुजफ्फर खाँ तुरबती को दीवान बनाया गया। यह अकबर के समय का विख्यात वित्तपोषक था।

**47. विजय नगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय ने संरक्षण दिया था?**

(a) बल्लभाचार्य को (b) माधवाचार्य को
(c) रामानुजाचार्य को (d) निम्बार्काचार्य को

**Ans : (a)** वल्लभाचार्य का जन्म 1479 ई. में काशी (वाराणसी) में हुआ था, इनके माता-पिता तेलंगाना से काशी की यात्रा पर आ रहे थे तभी यात्रा मार्ग में इनका जन्म हुआ था। विजयनगर में राजा कृष्णदेव राय के दरबार में इन्होंने शास्त्रार्थ में शैव पंडितों को परास्त किया था। विजयनगर सम्राट ने इन्हें जगतगुरू महाप्रभु श्रीमदाचार्य की उपाधि से विभूषित किया था।

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) देवराय द्वितीय : अब्दुर्रज्जाक
(b) मु. बिन तुगलक : इब्न बतूता
(c) महमूद गजनवी : अलबरूनी
(d) बलबन : मार्को पोलो

**Ans : (d)** मार्कोपोलो 1292-95 ई. में भारत आया था। इस समय भारत में दिल्ली सल्तनत के शासक जलालुद्दीन खिल्जी (1290-96 ई.) का शासन था। अतः यह विकल्प सुमेलित नहीं है अन्य सभी विकल्प सुमेलित है।

**49. 'श्री सम्प्रदाय' किस धर्म से सम्बन्धित है?**

(a) शैवधर्म (b) वैष्णवधर्म
(c) बौद्धधर्म (d) जैनधर्म

**Ans : (b)** वैष्णव संत रामानुजाचार्य ने अपनी उपासना में लक्ष्मी व विष्णु की उपासना पर अत्यधिक बल दिया। मान्यता है कि इनका मत लक्ष्मी द्वारा दिए गए उपदेश पर आधारित था, इसलिए इस संप्रदाय को 'श्री संप्रदाय' भी कहा जाता है। रामानुजाचार्य को शेषनाग का अवतार माना जाता है।

**50. अकबर के शासनकाल में प्रचलित एक 'दाम' दशमलव मुद्रा में कितने पैसे के बराबर थी?**

(a) $1\frac{1}{4}$ (b) $1\frac{1}{2}$
(c) 02 (d) $2\frac{1}{2}$

**Ans : (d)** अकबर ने तांबे का एक सिक्का चलाया था, जिसे 'दाम' कहा जाता था। एक रूपए में 40 दाम होते थे। इस प्रकार 'दाम' दशमलव मुद्रा में 1/40 रूपया अथवा $2\frac{1}{2}$ पैसे के बराबर था। दाम और रूपए के मध्य 'आना' नामक सिक्का शाहजहां ने चलवाया था।

**51. मुगल साम्राज्य में 'मीर-ए-तुजुक' से तात्पर्य था।**

(a) मुख्य सचिव (b) मुख्य वित्त अधिकारी
(c) मुख्य न्यायाधीश (d) पुलिस अधिकारी

**Ans : (*)** मीर-ए-तुजुक मुगलकाल के धर्मानुष्ठान का एक अधिकारी था। इसका कार्य धार्मिक उत्सवों आदि का प्रबन्ध करना था। दिए गए विकल्प में कोई भी इस अधिकारी से साम्य नहीं रखते।

**52. निम्न घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए–**
**1. खुर्रम का विद्रोह**
**2. चौसा का युद्ध**
**3. धरमत का युद्ध**
**4. खुसरो का विद्रोह**
**कूट**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 4, 1, 3, 2 (d) 2, 4, 1, 3

**Ans : (d)**
चौसा का युद्ध – 1539 ई.
खुसरों का विद्रोह – 1606 ई.
खुर्रम का विद्रोह – 1623 – 26 ई.
धरमत का युद्ध – 1658 ई.

**53. अकबर के शासनकाल में उपज का कितना प्रतिशत भू-राजस्व के रूप में किसानों से लिया जाता था?**
(a) $16\frac{1}{3}\%$ (b) 20%
(c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) $49\frac{1}{3}\%$

**Ans : (c)** अकबर के समय में उपज का 1/3 भाग लगान के रूप में वसूल किया जाता था। किसानों से लगान सिक्कों के रूप में लिया जाता था और इसके लिए अलग-2 क्षेत्रों में गल्ले की अलग-अलग कीमतें निश्चित की जाती थी। अकबर ने किसानों को भूमि का स्वामी स्वीकार किया था और राज्य ने किसानों से सीधा सम्पर्क स्थापित किया।

**54. 'पैबाकी' शब्द से तात्पर्य था?**
(a) मन्दिर (b) कर
(c) गाँवों का समूह (d) भूमि

**Ans : (d)** पैबाकी शब्द का अर्थ है- जागीरों के लिए अलग से सुरक्षित रखे गये इलाके अथवा भूमि।

**55. निम्न में से किस कृति को उनके फारसी अनुवादकों द्वारा 'रज्मनामा' शीर्षक दिया गया।**
(a) लीलावती (b) महाभारत
(c) रामायण (d) अथर्ववेद

**Ans : (b)** रज्मनामा, महाभारत का फारसी अनुवाद है, जो मुगल बादशाह अकबर के समय में करवाया गया था। महाभारत का फारसी अनुवाद मुगल बादशाह अकबर के आदेश से बदायूँनी, नकीब खाँ और अब्दुल कादिर ने किया था। रज्मनामा के प्रसंगों पर चित्र बनाने के लिए दशवंत तथा बसावन को जिम्मेदारी दी गई थी।

**56. भारत में पुर्तगालियों द्वारा प्राप्त किए गए स्थानों को उनके वर्षों से सुमेलित तथा नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।**
**A. कालीकट 1522**
**B. कन्नानोर 1525**
**C. धाबोल 1500**
**D. पोन्नानी 1502**

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C | D |
| | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | A | B | C | D |
| | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | A | B | C | D |
| | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | A | B | C | D |
| | 3 | 4 | 1 | 2 |

**Ans : (d)**
A. कालीकट – 1500 ई.
B. कन्नानोर – 1502 ई.
C. धाबोल – 1522 ई.
D. पोन्नानी – 1525 ई.

**57. निम्न में से किस शहर को 1661 में पुर्तगाल द्वारा दहेज स्वरूप अंग्रेजों को दिया गया?**
(a) गोवा (b) दमन
(c) बम्बई (d) किलॉन

**Ans : (c)** पुर्तगालियों ने 1534 ई. में बम्बई को गुजरात के बहादुर शाह से छीन लिया था। 1661 ई. में चार्ल्स द्वितीय के साथ पुर्तगाली राजकुमारी कैथरीन डि ब्रगेन्जा के विवाह के अवसर पर यह दहेज स्वरूप अंग्रेजों को प्रदान कर दिया गया था। बाद में 10 पौण्ड वार्षिक किराये पर बम्बई ईस्ट इण्डिया कम्पनी को दे दिया गया।

**58. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| | घटना | तिथि |
|---|---|---|
| (a) | ब्लैक होल | 20 जून, 1756 ई. |
| (b) | प्लासी का युद्ध | 23 जून, 1757 ई. |
| (c) | बक्सर का युद्ध | 22 अक्टूबर, 1764 ई. |
| (d) | देवगाँव की सन्धि | 17 दिसम्बर, 1818 ई. |

**Ans : (d)**

| घटना | तिथि |
|---|---|
| ब्लैक होल | 20 जून, 1756 ई. |
| प्लासी का युद्ध | 23 जून, 1757 ई. |
| बक्सर का युद्ध | 22 अक्टूबर, 1764 ई. |
| देवगांव की सन्धि | 17 दिसम्बर, 1803 ई. |

**59. 'हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम' पारित हुआ था?**
(a) 24 जुलाई 1856 को (b) 25 जुलाई 1856 को
(c) 26 जुलाई 1856 को (d) 28 जुलाई 1856 को

**Ans : (c)** हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 26 जुलाई, 1856 ई. को पारित हुआ था। इस अधिनियम के द्वारा हिन्दू विधवाओं को पुनर्विवाह हेतु कानूनी मान्यता मिली। इस अधिनियम का ड्राफ्ट लार्ड डलहौजी द्वारा तैयार किया गया था।

**60. 1857 के विद्रोह के समय मुगल शासक कौन था?**
(a) बहादुर शाह जफर (b) मुहम्मद शाह रंगीला
(c) जहाँदर शाह (d) शाह आलम II

**Ans : (a)** लॉर्ड कैनिंग के गवर्नर जनरल के शासन काल के दौरान 1857 की महान क्रांति हुई, उस समय मुगल शासक बहादुर शाह जफर था।